# हमारी स्वास्थ्य एवं विकलांगता प्रणाली

## एक मजबूत स्वास्थ्य और विकलांगता प्रणाली का निर्माण करना जो सभी न्यूज़ीलैंड वासियों के लिए काम करती है

अप्रैल 2021

## हमारी स्वास्थ्य प्रणाली एक समर्पित कार्यबल द्वारा समर्थित है - लेकिन यह बहुत ही जटिल और खंडित हो गई है, और अधिक न्यायसंगत और बेहतर देखभाल प्रदान कर सकती है।

2018 में, सरकार ने स्वास्थ्य और विकलांगता प्रणाली की समीक्षा की, उस वायदे को पूरा करने के लिए ताकि यह पहचान की जा सके कि स्वास्थ्य प्रणाली में कैसे सुधार किया जा सकता है। इस पेपर में उस समीक्षा के लिए सरकार की प्रारंभिक प्रतिक्रिया को संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है, और इसमें बताया गया है कि हम अपनी स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने की योजना कैसे बनाते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर न्यूज़ीलैंड वासी सही समय पर सही देखभाल प्राप्त कर सके।

# हमारी स्वास्थ्य प्रणाली में सुधार क्यों किया जाए?

न्यूज़ीलैंड स्वास्थ्य प्रणाली में सुधार लाने का मामला स्पष्ट है। हालांकि सार्वजनिक स्वास्थ्य और विकलांगता प्रणाली कुल मिलाकर एक सीमा तक अच्छा काम करती है, लेकिन सभी के लिए निष्पक्ष और निरंतरता प्रदान करने में कुछ महत्वपूर्ण और दृढ़ मुद्दे भी हैं।

एक प्रौढ़ आबादी, उन्नत देखभाल, और दीर्घकालीन बीमारी से बढ़ते बोझ का मतलब है कि स्वास्थ्य सेवाओं की मांग आने वाले दशकों में बढ़ेगी। ऐसे संकेत हैं कि हमारी स्वास्थ्य प्रणाली मौजूदा मांग को पूरा करने में संघर्ष कर रही है, और न्यूज़ीलैंड वासियों को लंबे समय तक स्वस्थ बनाए रखने के लिए हमारे कार्यबल को अधिक से अधिक सहायता की जरूरत है। इन सुधारों का उद्देश्य इन चुनौतियों से निपटना है, और भविष्य में बेहतर बनाने के लिए हमारी स्वास्थ्य प्रणाली को अचछी तरह से सक्षम बनाना है।

# इस सुधार का क्या रूप होगा?

हमारा उद्देश्य हमारी स्वास्थ्य प्रणाली को एक **एकल राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा** के रूप में मजबूत करना है जो सभी के लिए निरंतर, उच्च-गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है, विशेष रूप से ऐसे समूह जिन्हें परंपरागत रूप से कम सेवाएं प्राप्त हुई हैं।

हमारी भावी स्वास्थ्य प्रणाली में, एक 'पोस्टकोड लॉटरी' जो निर्धारित करती है कि लोगों को कैसी देखभाल मिल सकती है, इसकी बजाय हमारे पास अस्पताल और विशेषज्ञ सेवाओं तथा प्राथमिक एवं सामुदायिक देखभाल की स्थानीय जरूरतों के लिए बेहतर राष्ट्रीय सामंजस्य का संतुलन होगा। इससे देखभाल की गुणवत्ता और निष्पक्षता में सुधार होगा, जबकि घर के नजदीक प्राप्त होने वाली सेवाओं को आपके समुदाय की आवश्यकताओं के अनुसार सुनिश्चित किया जाएगा।

ऐसे भविष्य को संभव बनाने के लिए, हमें ऐसे ढांचे की आवश्यकता है जो यह सुनिश्चित करे कि सरकार समुदायों के करीब है, और राष्ट्रीय स्तर पर अच्छी तरह से जुड़ी हुई है। इसे पाने के लिए हम:

- **स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रमुख प्रबंधक** और स्वास्थ्य से संबंधित मामलों पर सरकार के प्रमुख सलाहकार **के रूप में स्वास्थ्य मंत्रालय की भूमिका पर फिर से फोकस करेंगे**।
- **एक नई संस्था Health NZ स्थापित करेंगे जिसमें** हमारी स्वास्थ्य प्रणाली की रोजमर्रा की जिम्मेदारी लेने के लिए **सभी जिला स्वास्थ्य बोर्डों को मिला दिया जाएगा।**
- **यह सुनिश्चित करने के लिए एक नई माओरी हैल्थ अथॉरिटी स्थापित करेंगे** ताकि हमारी स्वास्थ्य प्रणाली माओरी लोगों के लिए बेहतर परिणाम प्रदान करे और माओरी लोगों की जरूरतों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं को सीधा लागू करें।
- **एक नई पब्लिक हैल्थ एजेंसी (सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी**) स्वास्थ्य मंत्रालय के भीतर तैयार करेंगे और यह सुनिश्चित करने के लिए **Health NZ के भीतर** एक राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को मजबूत बनाएंगे, ताकि हम सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए महामारी जैसे खतरों का जवाब देने के लिए हमेशा तैयार रहें।

# विषय-सूची


| | |
|---|---|
| भविष्य के लिए दूरदर्शिता | 4 |
| सुधार का दृष्टिकोण | 5 |
| संरचनात्मक परिवर्तन | 6 |
| Hauora माओरी | 8 |
| प्राथमिक एवं सामुदायिक देखभाल | 9 |
| अस्पताल एवं विशेषज्ञ देखभाल | 10 |
| सार्वजनिक स्वास्थ्य | 11 |
| परिवर्तन कार्यक्रम | 12 |

# भविष्य के लिए दूरदर्शिता

हमारी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली न्यूज़ीलैंड की सबसे बड़ी संपत्ति में से एक है, जिसका काम स्वास्थ्य, देखभाल और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाना है। हमारे पास यह सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है कि यह सर्वश्रेष्ठ रूप से काम करता है, और न्यूज़ीलैंड के उन लोगों के लिए बेहतर काम करता है, जिन्हें अतीत में पर्याप्त सेवाएं नहीं मिली थीं।

हमारा सपना एक ऐसी प्रणाली का निर्माण करना है जो न्यूज़ीलैंड वासियों के लिए

pae ora (पाय ओरा) | स्वस्थ भविष्य को संभव बनाती है।

एक स्वास्थ्य प्रणाली जो pae ora (पाय ओरा) को प्राप्त कर सके उसे निम्न को वितरित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए:

- **समानता**, न्यूज़ीलैंड वासियों, विशेष रूप से माओरी, प्रशांत लोगों, विकलांग लोगों और कमजोर अथवा संवेदनशील समूहों के बीच पहुंच और परिणामों में अंतर के बारे में काम करती है।
- **माओरी लोगों के साथ साझेदारी,** हैल्थकेयर (स्वास्थ्य सेवा) को डिज़ाइन और वितरित करने, और हर किसी को उनके लिए कारगर प्रणालियां डिज़ाइन करने के लिए सशक्त बनाती है।
- **सस्टेनबिलिटी (निरंतरता)**, केवल बीमारी पर ध्यान देने की बजाय, स्वास्थ्य की जरूरतों की रोकथाम करना और उन्हें कम करना, तथा कुशल, उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल को बढ़ावा देती है।
- **व्यक्तिगत और फानाऊ (परिवार) - केंद्रित देखभाल** जो सभी को उनके अपने स्वास्थ्य और कल्याण का प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाती है, लोगों, उनके देखभालकर्ताओं और फानाऊ को सार्थक नियंत्रण देती है।
- **श्रेष्ठता**, हर जगह लगातार, ऊंची गुणवत्ता वाली देखभाल सुनिश्चित करके, क्लिनिकल लीडरशिप (नैदानिक नेतृत्व), नवाचार और नई तकनीकों द्वारा सेवाओं में सुधार करती है।

व्यवहारिक तौर पर, यह एक ऐसी प्रणाली की तरह दिखती है जहां:

- हमारी स्वास्थ्य प्रणाली, TeTiriti o Waitangi (वायटांगी की संधि) के सिद्धांतों और दायित्वों को, माओरी लोगों के लिए rangatiratanga (स्वराज्य) देखभाल डिज़ाइन की रूपरेखा के साथ मजबूत बनाती है, ताकि देखभाल के माओरी मॉडल विकसित हों।
- समुदाय में स्वस्थ रहने के लिए हर कोई व्यापक सहयोग तक पहुंच प्राप्त कर सकता हो, जहां लोगों की ज़रूरतों के अनुरूप सेवाओं को अधिक डिज़ाइन किया गया हो और और जो सैल्फ-केयर (स्वयं-देखभाल) को बेहतर समर्थित करती हों।
- आपातकालीन और विशेषज्ञ देखभाल सुलभ हो और लगातार सर्वोत्तम है, जिसके साथ एक राष्ट्रीय नेटवर्क समेत यह सुनिश्चित करे कि सर्वोत्तम देखभाल आपके निवास के इलाके पर निर्भर न हो।
- डिजिटल सेवाएं अधिक सुलभ हों, घर के पास देखभाल अधिक सामान्य हो।
- स्वास्थ्य और देखभाल कार्यकर्ताओं को महत्व दिया जाए, समर्थित और अच्छी तरह से प्रशिक्षित हों, साझा मूल्यों, बेहतर दीर्घकालिक योजना और स्वास्थ्य संस्थाओं के बीच आपसी सहयोग द्वारा समर्थित हों।

यह भविष्य हमारी पहुंच में है - लेकिन हमारी स्वास्थ्य प्रणाली के संचालन में बहुत बड़े बदलाव की जरूरत है।

# सुधार के प्रति दृष्टिकोण

हमारे अस्पतालों, जनरल प्रैक्टिस (डॉक्टरों की प्रैक्टिस), फार्मेसियों, आउट पेशेंट इकाइयों, माओरी और प्रशांत प्रदाताओं, केयर होम्स (देखभाल घरों) और कार्यालयों में काम करने वाले लोग असाधारण रूप से कड़ी मेहनत करते हैं और समर्पित हैं - लेकिन हमारी स्वास्थ्य प्रणाली की सेटिंग्स और बुनियादी ढांचे उनका अच्छी तरह से सहयोग नहीं करते। नवाचार और उत्तम अभ्यास के कई उदाहरण हैं, लेकिन अक्सर इन्हें मान्यता नहीं मिलती या पूरे सिस्टम में फैलाव के लिए संघर्ष करते हैं।

इस कारण से, सरकार उन संगठनों में सुधार शुरू कर रही है जो हमारी स्वास्थ्य प्रणाली के वितरण का सहयोग करते हैं - जिसमें स्वास्थ्य मंत्रालय और जिला स्वास्थ्य बोर्ड शामिल हैं।

### अगर हमारे सिस्टम की देखभाल की गुणवत्ता, स्थिरता और समानता में सुधार करना हमारा लक्ष्य है, तो हमें इसे उन कामों, संरचनाओं और संगठनों को मजबूत करने के साथ शुरू करना होगा जो देखभाल करना संभव बनाते हैं।

हमारी स्वास्थ्य प्रणाली बहुत जटिल और प्रबंधन में कठिन हो गई है। एक छोटे से देश के लिए जिसमें लोग, फंडिंग और संसाधन सीमित हैं, यह बहुत ही जटिल है। परिणामस्वरूप, यह सभी के लिए अच्छी देखभाल प्रदान करने को जरूरत से ज्यादा कठिन बना देती है।


समय के साथ, देखभाल की गुणवत्ता और स्थिरता में सुधार करने के लिए हमारी मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली का लाभ लेने के लिए हम बेहतर देखभाल प्रदाताओं का सहयोग करना चाहते हैं, और लोगों को अपनी देखभाल में भागीदार के रूप में बेहतर रूप से शामिल करना चाहते हैं। इसका अर्थ है कि देखभाल को सहज और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए साथ मिलकर काम करना; हमारे विविध समुदायों की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए सेवाओं को नया स्वरूप देना; और हमारे स्वास्थ्य पेशेवरों को उनकी जरूरत के अनुसार अपने कार्यक्षेत्र के शीर्ष पर काम करने के लिए जरूरी सहयोग दे रहे हैं।

इसका अर्थ यह भी है कि स्वास्थ्य प्रणाली को सक्षम बनाने वाले - जैसे कि पर्याप्त नए स्वास्थ्य और hauora (हाउओरा) पेशेवर, डिजिटल बुनियादी ढांचे, उत्तम कोटि के आँकड़े और फिट-फ़ॉर-परपज़ (उद्देश्य के अनुरूप) सुविधाएं और उपकरण - भविष्य की स्वास्थ्य प्रणाली के उपयुक्त हों।

ये सारे परिवर्तन समय पर लागू होंगे, और हम आने वाले महीनों में समुदायऔर स्वास्थ्य पेशेवर दोनों के साथ उनके बारे में बात करना जारी रखेंगे। लेकिन इससे पहले कि देखभाल में बदलाव प्रभावी हो सकें, हमारी अग्रिम पंक्तियों के बेहतर सहयोग के लिए हमें अपनी स्वास्थ्य प्रणाली के बुनियादी ढांचे की जरूरत है।

# संरचनात्मक परिवर्तन

हमारी स्वास्थ्य प्रणाली अपेक्षाकृत जटिल है; इसमें कई संगठन शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक की अपनी भूमिकाएं और संबंध हैं। लेकिन उच्चतम स्तर पर, हमारी स्वास्थ्य प्रणाली मोटे तौर पर इस प्रकार काम करती है:





इस प्रणाली के निम्न परिणाम हैं:

- माओरी, प्रशांत समुदायों, विकलांगों और अन्य लोगों के लिए अनुचित परिणाम,
- सीमित राष्ट्रीय नियोजन, जिससे पूरी आबादी के लिए एक बार लिए जाने वाले निर्णयों को कई बार दोहराया जाता है,
- लोगों को स्वस्थ और अस्पताल से बाहर रखने में सहायक प्राथमिक और सामुदायिक देखभाल पर अपर्याप्त फोकस और निवेश,
- एक 'पोस्टकोड लॉटरी' जिसका अर्थ है कि आपको प्राप्त होने वाली देखभाल आपके निवास स्थान पर, तथा इस पर निर्भर करती है, कि आप किस डीएचबी और प्राथमिक स्वास्थ्य संगठन के इलाके में आते हैं।

**इन सुधारों द्वारा स्थापित की जा रही नई संरचनाओं और संगठनों का उद्देश्य इन समस्याओं को दूर करना - और सभी को देखभाल प्रदान करने के लिए एक सुसंगत, न्यायसंगत प्रणाली बनाना है।**

उस जटिल प्रणाली के बजाय, भविष्य की स्वास्थ्य प्रणाली मोटे तौर पर निम्न जैसी दिखाई देगी:




यह प्रणाली ज्यादा सरल और अधिक समन्वित होगी, जिससे बेहतर और अधिक सुसंगत देखभाल उपलब्ध होगी। यह कई महत्वपूर्ण परिवर्तनों के माध्यम से हमारी वर्तमान प्रणाली की चुनौतियों से निपटेगी:

- हमारी स्वास्थ्य प्रणाली का दैनिक रूप से प्रबंध करने के लिए एक नए संगठन, Health NZ की स्थापना। 20 DHBs (डीएचबी), लगभग 30 PHOs (पीएचओ) और कॉन्ट्रैक्ट्स (अनुबंधों) के एक जटिल जाल की बजाय, केवल एक Health NZ सरलता, स्थिरता और देखभाल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में सक्षम होगा।
- Health NZ पूरी आबादी के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की योजना बनायेगा और उन्हें लागू करेगा। यह चार क्षेत्रीय प्रभागों और जिला कार्यालयों (डीएचबी इलाकों में जनसंख्या स्वास्थ्य और कल्याण नेटवर्क) की एक श्रृंखला स्थापित करेगा, ताकि निर्णय अधिक व्यावहारिक हों।
- एक नई माओरी हैल्थ अथॉरिटी के पास दोहरी ज़िम्मेदारियां होंगी: यह सिस्टम (व्यवस्था) की नीति और माओरी उपलब्धियों को सुनिश्चित करने के लिए कार्यनीति को आकार देने में मंत्रालय की सहायता करेगी, और पूरे न्यूज़ीलैंड में स्वास्थ्य की देखभाल के लिए Health NZ के साथ साझेदारी में काम करेगी, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि डिज़ाइन और वितरण में भी माओरी समुदायों की ज़रूरतों और अपेक्षाओं का पूरा ध्यान रखा गया है।
- स्वास्थ्य मंत्रालय, स्वास्थ्य प्रणाली को चुस्त बनाने और स्वास्थ्य कार्यनीति और नीति के बारे में मंत्रियों को सलाह प्रदान करने में सक्षम होगा - अर्थात यह स्वास्थ्य प्रणाली और न्यूज़ीलैंड के समग्र कल्याण की दृश्यता को बनाए रखने में बेहतर होगा।
- सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति, कार्यनीति और समझ पर राष्ट्रीय नेतृत्व प्रदान करने के लिए मंत्रालय एक नई सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी की मेजबानी करेगा; जबकि सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों को Health NZ के भीतर एक राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में लाया जाएगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि हमारी सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयाँ COVID-19 जैसे खतरों का जवाब देने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं।
- लोगों को लंबे समय तक स्वस्थ रखने पर ध्यान केंद्रित करना हमारी स्वास्थ्य प्रणाली में अंतर्निहित है, हैल्थ प्रमोशन (स्वास्थ्य प्रचार) एजेंसी को Health NZ में विलय कर दिया जाएगा।

# Hauora (हाउओरा) माओरी

पिछले दशकों में, हमारी स्वास्थ्य प्रणाली माओरी लोगों के लिए काम करने में विफल रही है। माओरी अधिकांश न्यूज़ीलैंड वासियों की तुलना में अधिक परिहार्य मौतों से पीड़ित हैं, उनका जीवन-काल कम है, और उन्हें हमेशा बराबर की सर्वोत्तम देखभाल प्राप्त नहीं होती है। इन असमानताओं को जारी नहीं रखा जा सकता। यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे कायम नहीं रह सकती, और Te Tiriti o Waitangi (वायटांगी की संधि) के तहत माओरी लोगों के लिए सरकार के दायित्वों को मान्यता देते हुए, हमारी स्वास्थ्य प्रणाली को बहुत अलग तरीके से हाउओरा (स्वस्थ) माओरी का सहयोग करने की जरूरत है।

हाउओरा माओरी पर rangatiratanga (माओरी मुखिया) माओरी को मजबूत बनाना, माओरी देखभाल प्रावधान को आकार देना, और TeTiriti o Waitangi को वास्तविक रूप में प्रभाव देना ही इन सुधारों का लक्ष्य है।

2020 में माओरी के नेतृत्व वाले वयस्क इन्फ्लूएंजा टीकाकरण अभियान जैसी पहल ने दिखाया है कि समानता हासिल करने की दिशा में माओरी नेतृत्व कैसे व्यापक रूप से प्रभावशाली हो सकता है। ये सुधार, इन सफलताओं पर आधारित होंगे और इन सफलताओं से शिक्षा लेंगे।

स्वास्थ्य प्रणाली में माओरी आवाज को समर्थन देने के लिए, भावी स्वास्थ्य प्रणाली में निम्न शामिल होगा:

- **माओरी हैल्थ अथॉरिटी को महत्वपूर्ण अधिकार दिए** जायेंगे ताकि वह स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ कार्यनीति और नीति पर काम करे, और माओरी हैल्थ NZ के साथ मिलकर ऐसी देखभाल तैयार करे जो माओरी और अन्य न्यूज़ीलैंड वासियों की जरूरतों को पूरा करती है - साथ ही माओरी kaupapa (यानि नीति) और ते आओ माओरी--बुनियाद सेवाओं के साथ - उन्हें सीधे फंडिंग देगी और उन्हें उपलब्ध करायेगी।
- हर इलाके में ईवी और माओरी के लिए एक प्रभावशाली और निर्णय लेने वाली आवाज के रूप में काम करने और हमारी स्वास्थ्य प्रणाली के हर स्तर पर Te Tiriti साझेदारी को संचालित किए जाने के लिए **ईवी और माओरी साझेदारी बोर्डों को मजबूत बनाया जाएगा।**
- सभी स्वास्थ्य एजेंसियों और देखभाल प्रदाताओं से माओरी और अन्य कमजोर समूहों, जिन्हें ऐतिहासिक रूप से समान देखभाल या परिणाम प्राप्त नहीं हुए हैं, उन्हें बेहतर देखभाल प्रदान करने के लिए बहुत अधिक उम्मीदें हैं।

इसका अर्थ है कि हमारी भावी स्वास्थ्य प्रणाली में माओरी के लिए पहुंच और परिणामों की समानता में जानबूझकर अधिक निवेश होगा, जवाबदेही बढ़ेगी, और माओरी समुदायों के लिए सेवा डिज़ाइन और प्रावधान को तैयार करने में ईवी और माओरी की अधिक भूमिका होगी।

इसके अतिरिक्त, माओरी सेवा प्रदाताओं के लिए लक्षित सहायता हमें माओरी और गैर-माओरी के लिए समान रूप से अपनी स्वास्थ्य प्रणाली में पेश किए जाने वाले काओपापा माओरी और माओरी-केंद्रित सेवाओं की श्रेणी को बढ़ाने की अनुमति देगी - जो माओरी समुदायों तक पहुंच में सुधार करेगी, सेवा विकल्पों की विविधता उपलब्ध होगी, और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार होगा। यह सुनिश्चित करने के लिए एक नई व्यवस्था की पेशकश की जायेगी कि सेवा प्रदाताओं के सभी नेटवर्क हमारे विविध समुदायों को सेवा प्रदान कर रहे हैं, न कि केवल परंपरागत रूप से स्वास्थ्य सेवा तक आसानी से पहुंचने वाले लोगों के लिए।

# प्राथमिक एवं सामुदायिक देखभाल

अधिकांश न्यूज़ीलैंड  वासी मुख्य रूप से प्राथमिक और सामुदायिक देखभाल के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणाली से संपर्क करते हैं। इसमें आपके स्थानीय जनरल प्रैक्टिस (डॉक्टरों), सामुदायिक फार्मेसियां, माओरी और प्रशांत समुदाय प्रदाता, वृद्ध देखभाल सेवाएं, फार्मासिस्ट, दाइयां, सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, फिजियोथेरेपिस्ट, दंत चिकित्सक और अन्य लोग शामिल हैं जो इलाज में आपकी मदद करते हैं और आपको घर पर या समुदाय में स्वस्थ रखते हैं।

हमारी स्वास्थ्य प्रणाली पर बोझ को कम करने के लिए जरूरी है कि हम घर के करीब देखभाल प्रदान करने के साथ-साथ लोगों को लम्बे समय तक स्वस्थ रखें।

फिलहाल, समुदाय-आधारित देखभाल के बजाय अस्पताल एवं विशेषज्ञ सेवाओं की फंडिंग और फ़ोकस बहुत आसान है - भले ही हम जानते हैं कि गुणवत्तापूर्ण, सुलभ प्राथमिक देखभाल, लोगों को अधिक समय तक स्वस्थ रखती है, और ज्यादा गंभीर बीमारियों से बचाती है।

भावी स्वास्थ्य प्रणाली में, आपके क्षेत्र में समुदाय में स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के **एक या अधिक स्थानीय नेटवर्क होंगे।** इसमें तब भी आपके  स्थानीय जीपी (ड़ाक्टर), प्रसूति देखभालकर्ता, जिला नर्स और ऑप्टोमेट्रिस्ट (आँखों का डॉक्टर जैसे लोग शामिल होंगे; लेकिन उनके द्वारा प्रदान की गई देखभाल अधिक सहज और सुलभ होगी। वह निम्न की तरह दिख सकती है:

- देखभाल प्रदाताओं के बीच संबंध मज़बूत बनाना, ताकि रिकॉर्ड और देखभाल के रास्ते मरीजों का अनुसरण उन सभी के बीच कर सकें जो उनकी देखभाल में योगदान दे रहे हैं
- घर के निकट देखभाल और अधिक आत्म-प्रबंधन वाली स्वास्थ्य सेवा सक्षम बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का बेहतर, अधिक उपयोग कर रहे हैं
- सामुदायिक ज़रूरतों को पूरा करने के लिए स्थानीय सेवाओं का बेहतर अनुकूलन, जैसे कि अधिक काओपापा माओरी सेवाएं उपलब्ध कराना, या यह कि फंडिंग से जीपी (डॉक्टर) परामर्श, या प्रदाताओं के लिए निश्चित समय के बाद किफायती अप्वाइंटमेंट्स (मुलाकातें)  आसान बनाना।

इन सेवाओं को Health NZ और माओरी हैल्थ अथॉरिटी दोनों द्वारा आकार दिया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे हमारे समुदायों में न्यूज़ीलैंड की विविधता के उद्देश्य के अनुरूप हैं।

प्राथमिक और सामुदाय-आधारित देखभाल में संरचनात्मक परिवर्तन भी होंगे - मुख्यतः यह कि जीपी सेवाओं को प्राथमिक स्वास्थ्य संगठन के माध्यम से वित्त पोषित करने की जरूरत नहीं होगी। यह इस बात के लिए नए, लचीले विकल्प खोलेगा कि समुदाय अपनी आवश्यकताओं की देखभाल और समन्वय कैसे करना चाहते हैं।

# अस्पताल एवं विशेषज्ञ देखभाल

अस्पताल और विशेषज्ञ सेवाओं का उपयोग, विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं में किया जाता है - जैसे कि अस्पताल या आउट पेशेंट क्लिनिक - और ये अधिक गंभीर, जटिल या दुर्लभ चिकित्सा स्थितियों से निपटते हैं। इनमें अधिकांश वे शामिल हैं जो प्राथमिक और समुदाय-आधारित देखभाल में नहीं आते हैं, जिनमें अस्पताल और उनसे जुड़ी सभी सेवाएं, और आउट पेशेंट विशेषज्ञ सेवाएं शामिल हैं।

गुणवत्तापूर्ण अस्पताल और विशेषज्ञ देखभाल, को महत्व देने पर यह न्यूज़ीलैंड वासियों के स्वास्थ्य में बहुत फर्क लाती है - लेकिन हमारे पास अब जो है उसमें अधिक समन्वय और सुसंगति की जरूरत है।

हम जानते हैं कि न्यूज़ीलैंड के कई हिस्सों में अस्पताल और विशेषज्ञ सेवाएं काफी दबाव में हैं। इस दबाव का एक प्रमुख कारण यह है कि हमारे अस्पताल और विशेषज्ञ देखभाल को एक सुसंगत नेटवर्क के रूप में प्रबंधित करने की बजाय - सेवाओं को एक दूसरे से अलग-अलग प्रबंधित किया जाता है। यह इसे जितना कठिन होना चाहिए, उससे कहीं ज्यादा कठिन बना देता है:

- पूरे न्यूज़ीलैंड में देखभाल की निरंतरता सुनिश्चित की जाए, ताकि आपको प्राप्त होने वाली देखभाल आपके निवास पर निर्भर न हो
- वहां देखभाल की पेशकश करें जहां यह सुलभ और व्यावहारिक हो
- समय के साथ लागतों का प्रबंधन करना, जिससे समुदाय में देखभाल के लिए हमारे पास उपलब्ध राशि कम हो जाती है।

भावी स्वास्थ्य प्रणाली में, यह हमारे अस्पताल और विशेषज्ञ सेवाओं की राष्ट्रीय स्तर पर योजना बनाकर और उन्हें एक व्यापक **क्षेत्रीय नेटवर्क के**माध्यम से प्रबंधित करके बेहतर बनाया जाएगा। आसपास के अन्य क्षेत्रों से अलगाव में देखभाल के बारे में निर्णय लेने के बजाय, अस्पताल और विशेषज्ञ सेवाओं को वित्त पोषित किया जाना चाहिए, जहां वे न्यूज़ीलैंड वासियों की देखभाल में सबसे बड़ा अंतर लायेंगे। यह निम्न जैसा दिखाई देगा:

- पूरे न्यूज़ीलैंड में देखभाल में अधिक स्थिरता - इसका अर्थ है कि ग्रामीण और छोटे शहरी समुदायों की देखभाल तक बेहतर पहुंच होगी जिसकी घर के करीब नियमित रूप से जरूरत होती है (जैसे कि अच्छी तरह से सुसज्जित आपातकालीन विभाग और गंभीर प्रसूति देखभाल), और जहां अधिक विशेषज्ञ या जटिल देखभाल की जरूरत है वहां अधिक निश्चितता
- देश भर में सेवाओं के असंगठन के कारण प्रशासन और जटिलता की समस्याओं में कमी लाना, कर्मचारियों के काम का बोझ कम करना और मरीजों के अनुभवों को अधिक निर्बाध बनाना
- स्टाफ और संसाधनों के लिए जिलों के बीच कम प्रतिस्पर्धा, ताकि फंडिंग और स्टाफिंग जरूरत के अनुरूप हो।

# सार्वजनिक स्वास्थ्य

सार्वजनिक स्वास्थ्य वह है जहाँ बीमारी को रोकने के हमारे कई अवसर निम्न गतिविधियों के साथ शुरू होते हैं:

- जनसंख्या का स्वास्थ्य - उन चीजों को लक्षित करना जो हमें बीमार बनाते हैं (जैसे कि धूम्रपान)
- रोग की रोकथाम, जैसे कि टीकाकरण के माध्यम से
- संक्रामिक महामारी और वैश्विक महामारी पर प्रतिक्रिया करना।

## COVID-19 ने साबित किया है कि हम सार्वजनिक स्वास्थ्य के खतरों से निपटने में दुनिया का नेतृत्व कर सकते हैं - लेकिन केवल तभी, जब हम बाधाओं को दूर करें और एक राष्ट्रीय टीम के रूप में मिलकर काम करें।

पिछले बारह महीनों ने दिखाया है कि हमारी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली सक्रिय, अभिनव और हमारे समुदायों से निकटता से जुड़ी हुई है। माओरी और विविध समुदायों के साथ भागीदारी में शुरू की गई पहल ने हमें दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक सुरक्षित रखा है।

लेकिन COVID-19 के हमारे अनुभवों ने हमारी कमजोरियों को भी उजागर किया है - विशेष रूप से यह कि राष्ट्रव्यापी खतरों पर प्रतिक्रिया के समय हमारी 12 फैली हुई सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों को बेहतर राष्ट्रीय समन्वय और नेतृत्व की आवश्यकता है, ताकि सर्वोत्तम अभ्यास और सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

हमारी भावी स्वास्थ्य प्रणाली में सार्वजनिक स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान दिया जाएगा, जिसमें आवास और रोजगार से लेकर सामाजिक देखभाल तक स्वास्थ्य और कल्याण में योगदान करने वाले कारकों के समाधान करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। दो बड़े बदलाव हमारे द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करने को नया रूप देंगे:

- स्वास्थ्य मंत्रालय में एक नई सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति, **कार्यनीति,** मॉनीटरिंग (निगरानी ) और इन्टेलिजेन्स के लिए जिम्मेदार होगी। यह हमें सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरों को बेहतर ढंग से समझने और प्रतिक्रिया देने में मदद करेगा और वैज्ञानिक विशेषज्ञता को नीति निर्धारण के केंद्र में रखेगा।
- Health NZ में **एक राष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा** शामिल होगी, जो हमारी सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों को एक राष्ट्रीय बैनर के तहत एक साथ लाएगी। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं का समन्वय करने, COVID-19 और खसरे के प्रकोप जैसे खतरों, और धूम्रपान जैसे मुद्दों पर बेहतर प्रतिक्रिया कर सकेगी।

इस बदलाव के हिस्से के रूप में, यह भी महत्वपूर्ण है कि जनसंख्या स्वास्थ्य - जिसमें यह शामिल है कि व्यक्तिगत आदतें, आवास और सामाजिक देखभाल जैसे कारक हमारे स्वास्थ्य और भलाई को प्रभावित करते हैं - हमारी मुख्य स्वास्थ्य एजेंसियों के केंद्र में हों। यह सुनिश्चित करने के लिए हैल्थ प्रमोशन एजेंसी को Health NZ में मिलाकर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हम जनसंख्या स्वास्थ्य में क्षमता और विशेषज्ञता बनाए रखें। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी न्यूज़ीलैंड वासियों को स्वस्थ रहने और अच्छी तरह से जीने के लिए सहायता प्राप्त है, यह क्षमता Health NZ और माओरी हैल्थ अथॉरिटी दोनों के लिए उपलब्ध होगी।

# दी चेंज प्रोग्राम (परिवर्तन कार्यक्रम)

ये घोषणाएँ हमारी स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत बनाने की शुरुआत का संकेत देती हैं। उस प्रणाली की संरचनाओं में परिवर्तन का इस बात पर तत्काल प्रभाव नहीं पड़ेगा कि आपको कैसे, कहां और कब देखभाल मिलती है; या यदि आप स्वास्थ्य कार्यबल के सदस्य हैं तो आप कहाँ और कैसे काम करते हैं।

मध्यम अवधि में, हमें अपने सीमावर्ती स्वास्थ्य पेशेवरों की देखभाल में सहायता करने के तरीकों में सुधार लाने की जरूरत होगी ताकि हम न्यूज़ीलैंड के लोगों को बेहतर देखभाल, और अपने स्वास्थ्य कार्यबल के लिए एक अधिक टिकाऊ, सशक्त वातावरण प्रदान कर सकें। भावी स्वास्थ्य प्रणाली में, आपके लिए तब भी एक जीपी (डॉक्टर) और एक स्थानीय अस्पताल होगा; लेकिन तब आपको प्राप्त होने वाली देखभाल आपकी ज़रूरतों, आपके समुदाय के मूल्यों और अपेक्षाओं, तथा आपके एवं स्वास्थ्य पेशेवर दोनों के लिए सुविधाजनक और व्यावहारिक पहलू बेहतर रूप से प्रतिबिंबित करेगी।

आने वाले परिवर्तन कार्यक्रम के तीन प्रमुख भाग हैं:

- भावी नीतिगत कार्य और सुधार
- विस्तृत, सहयोग आधारित डिज़ाइन
- कार्यान्वयन और परिवर्तन।

## ये प्रारंभिक सुधार, देखभाल की गुणवत्ता, निरंतरता और समानता में सुधार के लिए - और यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा कार्यबल महत्वपूर्ण और समर्थित महसूस करे, एक स्थायी, दीर्घकालिक परियोजना की शुरुआत है।

फंडिंग, कार्यबल और डिजिटल स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में आगे भी नीतिगत बदलाव और घोषणाएं होंगी। ये परिवर्तन हमें देखभाल के लिए सार्थक परिवर्तन की दिशा में आगे ले जायेंगे।

साथ ही, भविष्य में हमारी स्वास्थ्य प्रणाली कैसे काम करेगी इसके विवरण पर, स्वास्थ्य एजेंसियां आपके साथ काम करेंगी - चाहे आप स्वास्थ्य प्रणाली में काम करते हों या व्यापक समुदाय के सदस्य हों। हमारी भावी प्रणाली, बेहतर, अधिक सुसंगत और अधिक न्यायसंगत देखभाल कैसे प्रदान कर सकती है, इसे प्रभावित करने के लिए ऊपर चर्चा किए गए सभी क्षेत्रों में अवसर उपलब्ध होंगे।

अंत में, जिन बड़े बदलावों को अभी शुरू करने की जरूरत है, उनमें नए Health NZ और माओरी हैल्थ अथॉरिटी की स्थापना, और डीएचबी एवं स्वास्थ्य मंत्रालय को Health NZ में जिम्मेदारियों और कर्मचारियों के परिवर्तन की तैयारी करने के लिए सहायता करना शामिल है।

आपके प्रति हमारी प्रतिबद्धता है कि हम एक मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली की ओर बढ़ते हुए खुले संवाद के साथ आपके संपर्क में रहेंगे। यदि आपको कोई प्रश्न पूछना है, तो आप सुधारों का प्रबंधन करने वाले ट्रांज़िशन यूनिट से संपर्क कर सकते हैं:

वेबसाइट: www.dpmc.govt.nz/our-business-units/transition-unit

ईमेल: enquiries.tu@dpmc.govt.nz